प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर में कल 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में होंगे शामिल, आयोजित सभा को करेंगे संबोधित।
- झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक में राज्य में जातिगत सर्वेक्षण को मिली मंजूरी।
- राज्य सरकार ने मंत्री–विधायकों के वेतन और अन्य भत्तों में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर लगायी मुहर।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में तेज़ हवा के साथ हुई बारिश, लोगों को गर्मी से मिली कुछ राहत।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से जम्मू–कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह केंद्र शासित प्रदेश में एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की 84 प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी आज श्रीनगर में "इम्पाविरिंग यूथ, ट्रांसफार्मिंग जम्मू–कश्मीर" कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री दो हजार से अधिक लोगों को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वह एक हजार आठ सौ करोड़ रुपये की कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी कल श्रीनगर में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगे और इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।

***************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कल प्रोजेक्ट भवन में मंत्रिपरिषद् की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 33 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में राज्य में जातीय सर्वेक्षण करने पर भी सहमति दी गई। यह सर्वेक्षण कार्मिक विभाग द्वारा कराया जाएगा, वही मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक के वेतन में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी गई है साथ ही पूर्व विधायकों की पेंशन भी बढ़ायी गई है। वहीं अब प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस में 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी गई।

***************

गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड के महेशलिट्टी गांव में सिकल सेल बीमारी के तीन मरीज पाए गए हैं। गोड्डा जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्कूलों और कॉलेजों में भी सिकल सेल की जांच की जा रही है. खून का नमूना लेकर सिकल सेल एनीमिया की जांच होती है। गोड्डा के अधिकारी डॉ आर के पासवान ने बताया कि अब तक एक हजार दो सौ छप्पन (1256) लोगों की जांच की गई है जिसमें महेशलिट्टी के एक ही परिवार के तीन लोग सिकल सेल से पॉजिटिव पाए गए।

***************

रामगढ़ जिले स्थित औषधि निरीक्षक कार्यालय में नारकोटिक्स साइकोट्रोपिक औषधियाँ और मादक द्रव्यों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत सभी थोक एवं खुदरा औषधि विक्रेताओं के साथ बैठक का हुआ आयोजन। बैठक के दौरान औषधि निरीक्षक रामगढ़ के द्वारा नारकोटिक्स साइकॉट्रॉपिक औषधियाँ और मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले हानिकारक नुकसान के बारे में चर्चा के साथ सभी मादक पदार्थो से समाज को बचाने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की गई।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में बृहत् स्तर पर नशामुक्ति अभियान आज से शुरू हो रहा है। यह अभियान 26 जून तक विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जाएगा।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
***************

केंद्र सरकार ने जून 2024 यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित होगी और जल्द ही नई तारीख का एलान किया जायगा। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की गई है  यह मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया गया है।

***************

नीति आयोग नई दिल्ली से आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के प्रशिक्षण के लिए कटकमदाग प्रमुख – कुमारी विनीता का चयन किया गया है। वे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली में 20 और 21 जून को आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होंगी। उन्हें प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए जिला प्रशासन की अनुशंसा पर झारखंड – सरकार ने नामित किया है। झारखंड से तीन प्रमुखों का चयन किया गया है। इसमें हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड से कुमारी विनीता के अलावा रांची के मांडर प्रमुख और गुमला जिले के डुमरी प्रखंड प्रमुख का नाम शामिल है।

***************

जमशेदपुर में 21 से 23 जून को सीसीडीएसआई के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। झारखण्ड और बिहार राज्य सहित देश भर से 150 चिकित्सक इस अधिवेशन मे शामिल होंगे, आयोजक द्वारा बताया गया कि उन्होंने बताया की यह आठवां अधिवेशन है। अधिवेशन मे इस बीमारी को लेकर चर्चा होंगी, साथ ही इसके बेहतर से बेहतर इलाज और लोगों के बीच इसकी जागरूकता कैसे लाई जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

***************

रांची जोनल 'पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा ने कल एसएसपी कार्यालय में राजधानी रांची में हाल के महीनों में हुई आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की। रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक में आईजी ने राजधानी रांची में चोरी और छिनतई की घटनाओं में हो रही वृद्धि पर चिंता जताते हुए हर हाल में इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया।

***************

एक जुलाई से रांची सहित राज्य भर के सभी सिविल कोर्ट के समय में बदलाव किया जायगा, एक जुलाई से सिविल कोर्ट का समय सुबह दस बजकर तिस मिनट बजे से शाम चार बजकर तीस मिनट तक रहेगा इस संबंध में हाईकोर्ट की ओर से सभी सिविल कोर्ट को पत्र जारी कर दिया गया है

***************

राजधानी रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में कल रात तेज हवा के साथ बारिश हुई है। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी रहत मिली है। कई जगहों पर पेड़ गिर गये हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो तीन दिनों में संताल के रास्ते मॉनसून झारखण्ड में प्रवेश कर सकता है।

***************

आईसीसी टी–ट्वेन्टी क्रिकेट विश्वकप के पहले सुपर आठ ग्रुप टू मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अमरीका को 18 रन से हरा दिया। 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अमरीकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। आज सुपर आठ ग्रुप वन में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा है। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा। ग्रुप 2 के सुपर आठ में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच मैच खेला जाऐगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

***************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अख़बारों ने मंत्री विधायक के वेतन बढ़ोतरी एवं जातीय सर्वेक्षण की खबर को प्रमुखता से लिया है।

प्रभात खबर लिखता है– वेतन भत्ता में बढ़ोतरी को मिली मंजूरी, पूर्व विधयकों की पेंशन भी बढ़ी।

हिंदुस्तान ने लिखा है– गैंगस्टर अमन साव के कई ठिकानों पर एनआईए का छापा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची स्मार्ट सिटी में चेन्नई अपोलो ग्रुप हॉस्पिटल 100 सीट का खोलेगा मेडिकल कॉलेज।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– रांची में अधिकतम के साथ–साथ रात में न्यूनतम तापमान भी बढ़ रहा है।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इण्डिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 जून को नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***************